देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 287 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**कश्मीर का पलड़ा जम्मू की तुलना में भारी





# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 23 फरवरी 2022




मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0° | 39243.39 | 2 हमारा देश अलग, हमारी सेना अलग | 7 मेरे लिए हमेशा चीकू ही रहेगा

# उत्तराखंड में बड़ा सड़क हादसा

## खाई से निकाले गए सभी 14 शव, दो गंभीर घायलों का चल रहा इलाज

### राष्ट्रपति, पीएम समेत तमाम राजनेताओं ने जताई शोक-संवेदना

संवाददाता

चम्पावत। उत्तराखंड में सोमवार रात बड़ा हादसा हुआ। टनकपुर–चम्पावत हाईवे से जुड़ी सूखीढांग–डांडामीनार रोड पर मैक्स दुर्घटना का शिकार हो गई। मंगलवार दोपहर बाद तक चले रेस्क्यू आपरेशन में सभी 14 शव निकाले जा चुके हैं। दुर्घटना बुड़म से लगभग तीन किलोमीटर आगे हुई बताई जा रही है। हादसे के बाद शव बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हैं। दो गंभीर घायलों का इलाज चल रहा है।

अब तक मिली जानकारी के अनुसार मैक्स वाहन संख्या–यूके 04,टीए– 4712 में सवार सभी लोग टनकपुर के पंचमुखी धर्मशाला में हुई शादी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि बीती रात 3 बजकर 20 मिनट के आस–पास मैक्स अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। सभी लोग ककनई निवासी लक्ष्मण सिंह के पुत्र मनोज सिंह की शादी में शामिल होने गए थे। अधिकांश मृतक लक्ष्मण सिंह के सगे संबंधी बताए जा रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस व रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। 16 में से 14 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। सभी 14 शव बरामद कर उनकी शिनाख्त भी कर ली गई है। मृतकों में चार महिलाएं और एक पांच साल की बच्ची भी शामिल है। जबकि गंभीर रूप से घायल चालक तथा एक अन्य व्यक्ति का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।



चम्पावत। जिले में 21 फरवरी की रात भीषण हादसे अब तक 13 शव निकाले जा चुके हैं। इस हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री सीएम पुष्कर धामी ने ट्वीट कर पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। पीएमओ ने ट्वीट कर मृतक परिवारों व घायलों को प्रधानमंत्री राहत कोष से मुआवजे की भी घोषणा की है।

चम्पावत हादसे पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दुख जताया है। राष्ट्रपति भवन के हैंडल से ट्वीट कर कहा उत्तराखंड के चंपावत में हुए सड़क हादसे में कई लोगों के हताहत होने की खबर सुनकर बहुत व्यथा हुई। दुःख की इस घड़ी में, शोक संतप्त परिवारों के प्रति मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा है उत्तराखंड के चंपावत में हुई दुर्घटना हृदयविदारक है। इसमें जिन लोगों की मृत्यु हुई है, मैं उनके परिजनों के प्रति अपनी शोक–संवेदना व्यक्त करता हूं। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। उत्तराखंड के चंपावत में हुई दुर्घटना हृदयविदारक है। इसमें जिन लोगों की मृत्यु हुई है, मैं उनके परिजनों के प्रति अपनी शोक–संवेदना व्यक्त करता हूं।

### दर्दनाक समाचार मिलने से मन व्यथित हैः मुख्यमंत्री



हादसे पर सीएम धामी ने ट्वीट कर कहा कि आज प्रातः सुखीढांग–डांडा– मीनार मार्ग के पास बारात से लौट रहे वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने का दर्दनाक समाचार मिलने से मन व्यथित है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना करता हूं। उधर, उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी हादसे पर ट्वीट कर शोक जताया है। भगवान, दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं उनके परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम विक्षोभ के चलते कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। उत्तर भारत में एक बार फिर मौसम बदलने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे सटे अंडमान सागर के ऊपर बना हुआ है। इसके अलावा 22 फरवरी की शाम तक पश्चिमी हिमालय के पास एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने की उम्मीद है। इसके चलते इन इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

### देश में कोरोना के 13,405 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामलों लगातार गिरावट जारी है। कोरोना संक्रमण के मंगलवार को 13,405 नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में 34,226 लोग रिकवर हुए हैं जबकि 235 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा सक्रिय मामले भी घटकर 1,81,075 हो गए हैं।

# यूपी में डबल इंजन की सरकार बहुत जरूरी

## पीएम नरेंद्र मोदी ने बहराइच में जनसभा को किया संबोधित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहराइच के पयागपुर में आयोजित जनसभा में कहा कि आप देख रहे हैं कि इस समय दुनिया में कितनी उथल–पुथल मची हुई है। ऐसे में आज भारत का ताकतवर होना, भारत और पूरी मानवता के लिए बहुत जरूरी है। आज आपका एक–एक वोट भारत को ताकतवर बनाएगा। हमने तमाम संघर्षों से लोहा लेते हुए, आजादी से यहां तक का सफर तय किया है। हर भारतीय का ध्येय एक विकसित और समृद्ध भारत है। इस समृद्ध भारत के लिए यूपी का विकसित और समृद्ध होना उतना ही जरूरी है।

पीएम ने कहा, उत्तर प्रदेश आज विकास के जिस रास्ते पर चल पड़ा है, उसमें डबल इंजन की सरकार उतनी ही जरूरी है। मैंने 2014 से लेकर 2017 तक इन



घोर परिवारवादियों का, उनका कामकाज, उनका कारोबार, उनके कारनामें बहुत करीब से देखा है। 2017 से पहले बस्ती, गोंडा, बहराइच और बलरामपुर के लोगों ने भी बहुत भेदभाव झेला। अब योगी जी की सरकार पिछले 5 वर्षों से हर वो प्रयास कर रही है, जो आपके जीवन में सहूलियत ला सके और गरीब को सम्मान दे सके। भाजपा सरकार के प्रयासों की वजह से अब उत्तर प्रदेश में डर का माहौल दूर हो रहा है। आपके लिए आगे बढ़ने के रास्ते खुल रहे हैं, नए रास्ते बन रहे हैं। आप बच्चे को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं, इसलिए भाजपा सरकार स्कूलों की स्थिति सुधार रही है।

मोदी ने कहा, आप सभी का पता है कि गरीब के घर में कोई अनहोनी हो जाये तो उस परिवार पर क्या बीतती है। पैसे की कमी तो गरीब के जीवन पर दोहरा संकट ला देती है। गरीब की इसी तकलीफ को समझते हुए हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना शुरू की थी।

# एनटीपीसी की टनल में एक और शव बरामद

संवाददाता

जोशीमठ (चमोली)। ऋषिगंगा में सात फरवरी 2021 को विनाशकारी जलजले की भेंट चढ़ी सैकड़ों जिंदगियों के शवों का मिलना एक वर्ष के बाद भी जारी है। मंगलवार को तपोवन टनल से एक और शव बरामद हुआ है। जिसकी शिनाख्त रविग्राम निवासी दीपक टम्टा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

ऋषिगंगा जल प्रलय में एनटीपीसी की निर्माणाधीन 520 मेगावाट की जल विद्युत परियोजना की तपोवन की सुरंगों में कार्य कर रहे सैकड़ों कार्मिक जिंदा दफन हो गए थे।कई महीनों तक शवों के ढूंढ़ने के अथक प्रयासों के बाद स्वजनों ने रीति रिवाजों के मुताबिक उनके संस्कार भी कर लिए थे। लेकिन अब जैसे–जैसे टनल से मलबा हटाया जा रहा है शव भी मिल रहे हैं। बीती 16 फरवरी को भी निर्माती कंपनी ऋत्विक के इंजीनियर गौरव प्रसाद का शव मिला था। बीते सोमवार को इसी कंपनी में कार्यरत

### बरामद

■एनटीपीसी की टनल से बरामद हो चुके कुल 138 शव

जोशीमठ ब्लॉक के किमाणा गांव निवासी 21 वर्षीय रोहित भंडारी का शव मिला।

परियोजना की टनल से अब तक कुल 138 शव बरामद हो चुके हैं। इसके अलावा 38 मानव अंग भी बरामद हो चुके हैं। स्थानीय पुलिस ने टनल में मिले शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम किया जा रहा है। अब तक मिले 138 शवों में 54 व्यक्तियों की शिनाख्त भी हो चुकी है।

**वर्ष 2021 में सात फरवरी आई थी जल प्रलयः** आपको बता दें कि बीते साल सात फरवरी को चमोली में ऋषिगंगा में जल प्रलय आई थी। इसके चलते रैंणी तपोवन क्षेत्र में भारी नुकसान के साथ जनहानि हुई थी। इस प्राकृतिक आपदा में 206 व्यक्तियों ने अपनी जान गंवाई। आपदा में अभी तक 138 शव बरामद हुए हैं।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# युद्ध समस्या का हल नहीं, बातचीत से सुलझाएं मसला

### रूस-यूक्रेन विवाद पर यूएनएससी की बैठक में भारत का बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। यूक्रेन संकट के बीच फंसे भारतीय छात्रों को लेकर भी चिंता बढ़ रही है। इस बीच भारत सरकार ने छात्रों को तत्काल यूक्रेन छोड़ने की सलाह दी है। इसके साथ ही एयर इंडिया का विशेष विमान छात्रों को वापस भारत लाने में भी जुट गया है। ताजा जानकारी के अनुसार, आज रात दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एयर इंडिया का विमान 254 भारतीयों को लाने कीव रवाना होगा।

मौजूदा हालत पर संयुक्त राष्ट्र ने भी चिंता जताई है और एक बैठक बुलाई। इस बीच अमेरिका समेत तमाम यूरोपिए देश युद्ध के खतरे को टालने की कोशिश में लगे हैं। भारत ने भी पूरे मामले पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। यूक्रेन के ताजा संकट पर भारत ने अपना स्टैंड दोहराते हुए कहा कि दोनों पक्षों को मिलकर कूटनीतिक तरीके से समाधान निकालना चाहिए।

यूक्रेन पर यूएनएससी की बैठक में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति ने कहा कि हम सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान करते हैं।